ए. के. बंसल
A. K. BANSAL
उप महानिदेशक (प्रशासन)
Deputy Director General (Administration)
दूरभाष/Phone : + 91-11-2323 6373
फैक्स/Fax : + 91-11-2323 4824
ई-मेल/E-mail : ddga@bis.gov.in
वैबसाईट/Website : http://www.bis.gov.in

सत्यमेव जयते

भारतीय मानक ब्यूरो
(भारत सरकार)
मानक भवन, 9, बहादुरशाह ज़फर मार्ग,
नई दिल्ली - 110 002
Bureau of Indian Standards
(Government of India)
Manak Bhawan, 9, Bahadur Shah Zafar Marg,
New Delhi - 110 002

संदर्भ : हिंदी/कार्यान्वयन/2021 11.10.2021

विषय : समाचार पत्रों और इलैक्टानिक मीडिया पर विज्ञापन अनिवार्य रूप से हिंदी में दिए जाने के संबंध में।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले निरीक्षणों के दौरान यह देखने में आया है कि समिति द्वारा हिंदी के विज्ञापनों पर किए गये खर्च की स्थिति की समीक्षा अत्यंत गंभीरता से की जाती है और इसके सख्त अनुपालन के निर्देश दिए जाते हैं। पूर्व में भी इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है लेकिन यह देखने में आया है कि संबद्ध दिशा-निर्देशों का समुचित अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

उपर्युक्त विषय पर संसदीय राजभाषा समिति की 9वें खंड की संस्तुतियों पर राष्ट्रपति के आदेशों से संबंधित राजभाषा विभाग के संकल्प दिनांक 31 मार्च 2017 के अनुसारः

क) मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/उपक्रमों द्वारा विज्ञापनों पर व्यय की जाने वाली कुल राशि में से कम से कम 50% राशि अनिवार्य रूप से **हिंदी विज्ञापनों पर तथा शेष 50% क्षेत्रीय भाषाओं पर तथा अंग्रेजी पर खर्च की जाए।**

ख) अंग्रेजी क्षेत्रीय भाषाओं में किए जाने वाले विज्ञापन हिंदी में भी जारी किए जाएं तथा हिंदी के विज्ञापन बड़े आकार में (समाचार पत्रों इत्यादि में छपने वाले) दिए जाएं।

इस संबंध में ब्यूरो के सभी कार्यालयों को निर्देश दिया जाता है कि वे हिंदी में विज्ञापन जारी किए जाने संबंधी उपरोक्त आदेशों (कालम क) का समुचित अनुपालन सुनिश्चित करें।

ए के बंसल

(ए के बंसल)
उपमहानिदेशक(प्रशासन)

बीआईएस के सभी कार्यालयों को परिचालित।

प्रतिलिपि : निदेशक (जनसंपर्क विभाग), मुख्यालय